तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 जनगणना-2027: संभाग आयुक्त और कलेक्टर...



12 अवैध शराब विक्रय को लेकर मुखर रहे ...



## खबर संक्षेप

### हथियार लेकर धमकाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोटिया रोड नाला किनारे एक युवक अपने हाथ में धारदार हथियार लेकर लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ ने आरोपी ने अपना नाम पोटिया कुंदरा पारा दुर्ग निवासी राजू उर्फ संतलाल जांगड़े बताया है। आरोपी के पास से एक लोहे का धारदार हथियार जब्त किया गया।

### सूदखोरी के आरोप में महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** सूदखोरी और चेक का गलत उपयोग करने के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला का नाम गंडई निवासी शोभा केशकर उर्फ निशा नामक है। धमधा पुलिस ने बताया कि मुसलमान पारा निवासी शहनाज बेगम ने शिकायत की थी कि नवंबर 2023 में शोभा केशकर से 10 प्रतिशत ब्याज पर 20 हजार रुपए उधार लिया था। शहनाज ने बैंक ऑफ बड़ौदा का एक कोरा चेक भी आरोपी को दिया था। 9 माह तक प्रतिमाह 2000 रुपए ब्याज के रूप में चुकाती रही। पीड़िता के परिजनों के हस्तक्षेप के बाद 25 हजार रुपए में पूरा लेन-देन खत्म करना स्वीकार किया। इसके बावजूद शोभा केशकर ने न तो चेक लौटाया और न ही लेन-देन समाप्त माना। शहनाज का आरोप है कि शोभा उसके कोरे चेक में 1 लाख रुपए की राशि भर दी। चेक बाउंस होने के बाद कोर्ट के जरिए उन्हें नोटिस भेजा है।

### झांसा देकर युवती से किया अनाचार, गिरफ्तार

**भिलाई।** युवती से सोशल मीडिया में दोस्ती कर उसके साथ अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि भानुप्रतापपुर क्षेत्र की युवती की पहचान 2005 में इंस्टाग्राम से सिकोला भाटा दुर्ग निवासी सौरभ राजपूत से पहचान हुई। दोनों के बीच फोन पर लगातार बातचीत होने लगी। युवक ने युवती को शादी का भरोसा दिलाया और मिलने के लिए दुर्ग बुलाया था। 5 मार्च 2026 को युवती मिलने दुर्ग पहुंची। सौरभ उसे अपने बड़े भाई के घर सिकोला भाटा लेकर गया। जहां रात के समय उसने शादी का झांसा देकर अनाचार किया। घटना के बाद युवती कुछ दिनों अपनी बुआ के घर पाटन में रही। 28 मार्च को आरोपी युवती को उज्जैन घुमाने के लिए ले गया। वहां भी शारीरिक संबंध बनाया। लौटकर आने के बाद उसे दुर्ग में अपने पास रखा लगातार अनाचार किया। अंतिम बार 11 अप्रैल 2026 को आरोपी ने युवती को ग्राम संबलपुर अपने नानी के यहां एक रात रखकर अनाचार किया। उसके दूसरे दिन आरोपी ने युवती को उसके गांव छोड़ दिया।

# बैंकों की सुरक्षा पर सख्ती: एएसपी ने शाखा प्रबंधकों की ली बैठक

## संदिग्धों की सूचना तत्काल देने, सीसीटीवी व सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर में बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश कुमार यादव ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय के मीटिंग हॉल में बैंक शाखा प्रबंधकों की बैठक ली। बैठक में हाल ही में हुई चोरी की घटना की समीक्षा करते हुए सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए।

एएसपी ने सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि बैंक और एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे हमेशा चालू हालत में रहें तथा उनका रिकॉर्ड सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। सुरक्षा गार्ड का नियमित चरित्र सत्यापन कराने और उनके हथियार कार्यशील स्थिति में रखने पर भी जोर दिया गया। बिना गार्ड वाले एटीएम को रात्रि में बंद रखने तथा बैंक परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कहा गया कि बैंक में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर नजर रखी जाए। चेहरा ढककर, हेलमेट या स्कार्फ पहनकर आने वालों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और संदिग्ध व्यक्ति नजर आने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी जाए। इसके लिए बैंक में पुलिस थाना, चौकी व कंट्रोल रूम के नंबर भी प्रदर्शित करने को कहा गया। एएसपी यादव ने साइबर अपराधों की ▶▶| शेष पेज 12 पर



### पुलिस की अपील

पुलिस की अपील नागरिकों से अपील की गई है कि अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या पासवर्ड साझा न करें और किसी भी प्रकार की साइबर ठगी की सूचना तत्काल टोल फ्री नंबर 1930 पर दें। बैठक में एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक सोनल ग्वाला, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, रीडर-1 निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, लोकेश सिंह, एएसपी रीडर प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे एवं विभिन्न बैंकों के शाखा सहित उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## 15 अहम एजेंडों पर निर्णय, सड़क, पानी, सफाई और सौंदर्यीकरण पर फोकस, सर्वसम्मति से बजट पास

# विकास को रफ्तार: 97.77 करोड़ का लाभकारी बजट पारित, कई बड़े फैसलों पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के समग्र विकास को नई गति देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद बेमेतरा ने गुरुवार को आयोजित सामान्य सभा में 97 करोड़ 77 लाख 24 हजार रुपये का लाभकारी बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया। नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा द्वारा प्रस्तुत इस बजट में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। बैठक में सभी पार्षदों की मौजूदगी रही, जिससे हर प्रस्ताव पर सहमति बनती नजर आई।

नगर पालिका कार्यालय में दोपहर 2 बजे शुरू हुई इस बैठक में कुल 15 महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। बजट में शहर की पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने, सड़कों के चौड़ीकरण व मरम्मत, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और तालाबों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। परिषद का फोकस स्पष्ट रूप से बेमेतरा को व्यवस्थित और आधुनिक नगर के रूप में विकसित करने पर नजर आया। पारित बजट में नगर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर खास ध्यान दिया गया है। पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने, सड़कों के चौड़ीकरण एवं मरम्मत, तालाबों के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बड़े पैमाने पर राशि का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा नगर के प्रमुख मार्गों के उन्नयन और यातायात सुगमता के लिए भी योजनाएं शामिल की गई हैं।



### जनकल्याण योजनाओं को मिली प्राथमिकता

बैठक में मुख्यमंत्री पेंशन योजना सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों पर चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई। इससे पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिलने का रास्ता साफ हुआ। साथ ही जल आवर्धन, सफाई कर्मियों की नियुक्ति एवं ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति बनाए रखने जैसे मुद्दों पर भी निर्णय लिए गए।

### मत्स्य पालन व अन्य कार्यों पर भी निर्णय

नगर क्षेत्र के तालाबों को मत्स्य पालन के लिए पट्टा देने तथा विभिन्न विभागीय प्रस्तावों पर भी चर्चा कर निर्णय लिए गए। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना जताई गई है।

### महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी

बैठक में शहर के विकास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। इनमें भारत माता चौक में 45 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर पट्टिका स्थापित करने, नगर को बाल विवाह मुक्त घोषित करने, तथा स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में स्विमिंग पूल निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने जैसे निर्णय शामिल हैं। इसके अलावा सब्जी मंडी के सुव्यवस्थित संचालन और तालाबों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को भी हरी झंडी दी गई।

### अध्यक्ष का बयान, बजट नगर के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया

नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि यह बजट नगर के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि इसमें आम नागरिकों की मूलभूत जरूरतों, बेहतर सुविधाओं और शहर को आधुनिक स्वरूप देने पर विशेष फोकस रखा गया है। क्रियान्वयन पर जोर बैठक के अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी पार्षदों का आभार व्यक्त करते हुए पारित प्रस्तावों के शीघ्र और प्रभावी क्रियान्वयन का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा लिए गए निर्णयों को धरातल पर उतारने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष अशोक शर्मा,सभापति पंचू साहू, विकास, अकीब मलकानी, नीतू कोठारी, गौरव साहू, राजकुमार खंडे लक्की साहू, रश्मि मिश्रा, रीता पांडेय ,निखिल साहू, रवि मुलानी, सजनी यादव ,सिमरन ताम्रकार ,शिव पाटिल, प्रकाश ठाकुर, टोकेश्वर साहू ,राजू साहू , शिव पाटिल, मिंटा नामदेव सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कलेक्टर की अनुमति के बिना नहीं छोड़ सकेंगे मुख्यालय

जनगणना 2027 के तहत जिले में चल रहे महत्वपूर्ण कार्यों को समयबद्ध एवं सुचारू रूप से पूर्ण कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत जनगणना कार्य में संलग्न सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के अवकाश पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, जनगणना कार्य में नियुक्त कोई भी अधिकारी या कर्मचारी कलेक्टर की पूर्व अनुमति के बिना अवकाश पर नहीं जा सकेगा और न ही मुख्यालय छोड़ सकेगा। यह निर्णय भारत सरकार, गृह मंत्रालय एवं भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय के निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है।

ज्ञात हो कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत “मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना” का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक निर्धारित किया गया है।

इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु यह कदम उठाया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी को विशेष परिस्थितियों में अवकाश की आवश्यकता होती है, तो उन्हें जिला जनगणना शाखा के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करना होगा। उक्त आवेदन पर कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी से पूर्वानुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। बिना पूर्व स्वीकृति के लिया गया अवकाश मान्य नहीं होगा।

इसके साथ ही, जिन अधिकारियों या कर्मचारियों के अवकाश पूर्व में उनके कार्यालय प्रमुख द्वारा स्वीकृत किए गए हैं, उन्हें भी पुनः जिला जनगणना शाखा के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर कलेक्टर से अनुमोदन प्राप्त करना होगा, अन्यथा ऐसे अवकाश स्वतः निरस्त माने जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। आदेश के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया है कि जनगणना 2027 एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, अतः इसे अन्य सभी कार्यों की तुलना में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# महिला सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम 33% आरक्षण बिल पेश, प्रधानमंत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


■ जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने जताया समर्थन

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में आज का दिन एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसले के रूप में दर्ज हो गया, जब संसद के विशेष सत्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण से जुड़ा विधेयक प्रस्तुत किया गया। इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में स्वतंत्रता के बाद का एक बड़ा और निर्णायक कदम माना जा रहा है।

इस प्रस्तावित कानून से देश की महिलाओं को नीति-निर्माण, प्रशासन और निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी का अवसर मिलेगा। अब महिलाएं केवल सहभागिता तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में देश, प्रदेश, शहर और गांवों के समग्र विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। ग्राम हतपान में गूंजा नारी सशक्तिकरण का संदेश



इस ऐतिहासिक अवसर पर ग्राम हतपान में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने महिलाओं के बीच अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को 33% आरक्षण देकर उन्हें सशक्त नेतृत्व का अवसर प्रदान किया गया है। यह निर्णय महिलाओं को आत्मनिर्भर, मजबूत और नेतृत्व के लिए प्रेरित करने वाला है। आज का दिन भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने आगे कहा कि इस पहल से महिलाएं अब देश और प्रदेश ही नहीं, बल्कि गांव और शहर के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगी और विभिन्न वर्गों के अधिकारों एवं हितों से जुड़े निर्णयों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए इसे नए भारत की सोच और संकल्प का प्रतीक बताया।




## योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर

# कलेक्टर की अध्यक्षता में शिक्षा व आदिवासी विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शैक्षणिक एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्हें समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, डीएमसी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करने को कहा। कलेक्टर ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत सभी छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र 30 अप्रैल 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं, ताकि उन्हें उच्च शिक्षा एवं शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजन के तहत चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों का व्हाट्सएप/ऑनलाइन समूह बनाने को कहा गया। राज्य छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को समय पर राशि भुगतान सुनिश्चित करने के लिए सभी संस्था प्रमुखों की बैठक आयोजित कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा प्राचार्यों को एम.बी.यू. (मास्टर बेसिक अपडेट) कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा गया। निर्माण कार्यों की समीक्षा में अप्रारंभ एवं अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के लिए बीआरसी एवं डीएमसी को नियमित निरीक्षण और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत 16 जून से 30 जून 2026 तक जिले के सभी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में “नेवता भोजन” कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं पोषण स्तर में सुधार हो सके। बैठक में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण पर भी जोर देते हुए कलेक्टर ने सभी मामलों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। अंत में उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय और सतत मॉनिटरिंग के माध्यम से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की बात कही।



## खबर संक्षेप



### बाफना ने किया ताम्रकार का सम्मान

**धमधा।** पूर्व संसदीय सचिव एवं साजा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना का धमधा आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के सबसे पुराने कार्यकर्ता वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप ताम्रकार का गमछा पहनाकर स्वागत किया। ज्ञात हो कि प्रदीप ताम्रकार 1980 में भारतीय जनता युवा मोर्चा धमधा मंडल के प्रथम अध्यक्ष बने थे। लाभचंद बाफना ने उनका सम्मान करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ईमानदारी और निष्ठा की मिसाल बने हुए हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र भट्ट, सांसद प्रतिनिधि नरेश साहू, पत्रकार सुधीर ताम्रकार, दूलेश्वर साहू, रुपम ताम्रकार, शेर सिंह सोनकर और नरेश सोनकर के साथ कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती



**अंडा।** ग्राम पंचायत अंडा में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांव के सरपंच दिग्विजय सिन्हा, उपसरपंच यशवंत बंजारे व पंचगण डा चेलक,गोलू चन्द्राकर, गोपाल साहू,तेज चौहान, भाजपा कार्यकर्ता महिला विजय लक्ष्मी कनौजे सहित जनप्रतिनिधि युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके द्वारा समाज के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अंडा में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया और उनके इस नेक कार्य की सराहना की गई।

## पेज 11 के शेष

### बैंकों की सुरक्षा पर ...

रोकथाम में बैंकों की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि पुलिस द्वारा मांगी गई जानकारी तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई हो सके। संदिग्ध लेन-देन की स्थिति में तुरंत खाता होल्ड कर पुलिस को सूचित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया में सख्ती बरतने पर जोर देते हुए कहा कि ग्राहक के दस्तावेजों की पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही खाता खोला जाए और आधार से लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से लिया जाए। लोन स्वीकृति के मामलों में भी संबंधित व्यक्ति की व्यक्तिगत उपस्थिति में सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, बैंकों में साइबर जागरूकता से संबंधित फ्लेक्स लगाने तथा ग्राहकों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के प्रति जागरूक करने को कहा गया।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने 'सरपंच संवाद' में की चर्चा

# अवैध शराब विक्रय को लेकर मुखर रहे सरपंच, विकास में देरी का मुद्दा भी उठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

संवाद से समाधान तक "सरपंच संवाद 2026" का आयोजन जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे के नेतृत्व में गुरुवार को दुर्ग विकास खण्ड के बासीन जामुल में किया गया। जिसमें श्रीमती बंजारे के निर्वाचन क्षेत्र जिला पंचायत क्रमांक 4 की अंतर्गत आने वाले 32 ग्राम पंचायतों के सरपंच शामिल हुए।

बैठक में जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र-क्रमांक -4 के ग्राम पंचायत के सरपंचगण एक मंच पर आकर अपने विचार, अनुभव एवं सुझाव साझा किए एवं अपने क्षेत्र की जनसमस्यों को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बंजारे के समक्ष रखी1 सरपंचों ने अपने-अपने ग्राम पंचायत में आने वाली समस्याओं खास तौर पर अवैध शराब विक्रय को लेकर मुखर रहे1 इनके साथ ग्राम में हो रहे अवैध अतिक्रमण, मनरेगा कार्य में लगे मजदूरों के पेमेंट में लेट लतीफी, पेयजल की समस्या, निकासी नाली आदि समस्याओं के साथ-साथ ग्राम पंचायत के सचिवों पर सरपंचों का सहयोग न करने की बात सामने आई तथा कई सरपंचों ने धमधा जनपद सीईओ से सचिवों का शिकायत करने पर सरपंचों का सहयोग नहीं करने की बात सामने आई1 जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बंजारे ने सभी सरपंचों की बात को गंभीरता से सुना वह आश्वासन दिया कि प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर विभागीय अधिकारियों से मिलकर व चर्चा कर किया जाएगा1 ग्राम पंचायत नरधा के सरपंच रानू वर्मा ने बाबा रूखड़नाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण का मुद्दा उठाया। इस पर श्रीमती बंजारे ने जानकारी दी की संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल से चर्चा हुई है व मंत्री ने आश्वासन दिया है कि इसे शीघ्र ही छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्यटन स्थल बनायेगे. ताकि मंदिर को हनुमान भक्तों के लिए एक प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित हो1

सरपंच संवाद 2026 संवाद से समाधान कार्यक्रम के बैठक में प्रमुख रूप से नारधा सरपंच रानू वर्मा, कपसदा सरपंच भूपेंद्र कंवर, ओंटेबंद सरपंच निर्मला बुधराम साहू, गोढी सरपंच अन्नपूर्णा गोपी साहू , अछोटी सरपंच हीरालाल मारकंडे ,मोंहदी सरपंच सच्चिदानंद बब्बन शर्मा , बोरसी सरपंच साधना साहू , कंडरका सरपंच सीमा चुरेन्द्र, पचदेवरी सरपंच हेमंत कुमार रोशन और मालपुरी सरपंच नमिता शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**जिला पंचायत अध्यक्ष से साझा की क्षेत्र के विकास की बात**



# 6 माह के बाद बच्चों को पौष्टिक पूरक आहार देना बेहद जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

■ वार्ड क्रमांक 04, केंद्र क्रमांक 02 में अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न

नगर पंचायत पाटन अंतर्गत वार्ड क्रमांक 04 (अखरा) के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में अन्नप्राशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 6 माह पूर्ण कर चुके शिशुओं के लिए आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य माताओं को स्तनपान के साथ-साथ पूरक (ऊपरी) आहार प्रारंभ करने के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत पाटन की सभापति एवं वार्ड क्रमांक 04 की पार्षद नेहा बाबा वर्मा के करकमलों शिशुओं को खीर खिलाकर प्रथम अन्न ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर श्रीमती वर्मा ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा, "बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए 6 माह के बाद पौष्टिक पूरक आहार अत्यंत आवश्यक है। माताएं अपने बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार दें और उनके स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहें।"

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लता कश्यप एवं सहायिका पूर्णिमा सिन्हा द्वारा भी पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित पालकों—सती साहू, त्रिवेणी विश्वकर्मा, तनुजा, रमशीला कौशिक, नीतू, पल्लवी वर्मा एवं सुनीता कौशिक ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्था, स्टाफ की कमी और अटकी पदोन्नति से कर्मचारियों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अभद्र व्यवहार करने का कर्मचारियों ने लगाया आरोप

चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक में जो मुद्दे सामने आए, उन्होंने कॉलेज की जमीनी हकीकत उजागर कर दी। स्टाफ की भारी कमी, वर्षों से लंबित पदोन्नति और बदहाल सड़क जैसी समस्याओं ने कर्मचारियों के साथ-साथ मरीजों की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं।

बैठक में कर्मचारियों ने साफ तौर पर कहा कि मेडिकल कॉलेज में मैनपावर की स्थिति बेहद खराब है। जरूरी पद खाली पड़े हैं, जिससे काम का दबाव बढ़ता जा रहा है और सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। हालात ऐसे हैं कि कई विभाग सीमित स्टाफ के सहारे चल रहे हैं। पदोन्नति का मुद्दा भी लंबे समय से अटका हुआ है।

कर्मचारियों में इस बात को लेकर गहरा असंतोष है कि समय पर विभागीय पदोन्नति नहीं हो रही। इससे न सिर्फ मनोबल गिर रहा है, बल्कि कार्यप्रणाली पर भी असर पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति कॉलेज तक पहुंचने वाली सड़क की बताई गई। कर्मचारियों ने कहा कि सड़क इतनी खराब है कि बारिश के मौसम में आवागमन लगभग ठप हो जाता है। कच्ची और जर्जर सड़क पर हर मौसम में चलना मुश्किल है, जिससे मरीजों, छात्रों और स्टाफ को रोजाना जोखिम उठाना पड़ता है।

**बनाते हैं आवश्यक दबाव**

बैठक में यह भी आरोप लगे कि कुछ वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और अनावश्यक दबाव बनाते हैं। इससे कार्यस्थल का माहौल प्रभावित हो रहा है। इन गंभीर समस्याओं को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने डीन डॉ. तृप्ति नागरिया को ज्ञापन सौंपा। हालांकि डीन ने मैनपावर की कमी स्वीकार करते हुए कुछ पदों पर भर्ती और आउटसोर्सिंग की बात कही, लेकिन कर्मचारियों का मानना है कि अब तक ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो हालात और बिगड़ सकते हैं, जिसका सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के महामंत्री सैय्यद असलम, नर्सिंग कैडर की प्रांतीय पदाधिकारी श्रीमती जैकलीन डान, जिला संयोजक श्रीमती मंजू राय, सुपेला अध्यक्ष सरिता गुप्ता, जिला महामंत्री लक्ष्मीकांत धोटे, जिला सचिव खिलावन चंद्राकर, जिला अस्पताल दुर्ग अध्यक्ष राघवेंद्र साहू, संगठन सचिव रोशन सिंह, धनीराम ठाकुर, मुकेश शर्मा, योगेश ठाकुर, बालकृष्ण तिवारी, संध्या एस भेलवा, नेहा चंद्राकर, डेमन डोडे, संतोष, चैन सिंह चंद्राकर और सुरेश सहित कई कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर, फुले व ढीढी को याद किया ग्रामीणों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद




■ फुण्डा में सम्मानित हुए पाटन तहसील क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थी और उनके पालक

सतनामी आसरा पाटन एवं ग्रामवासी फुण्डा के संयुक्त तत्वावधान में 15 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर, ज्योतिबा फुले व नकुल देव ढीढ़ी जयंती एवं सम्मान समारोह मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वक्ता विनोद कोसले ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर सभी भारतीयों के हितचिंतक थे। उन्होंने कहा कि देश के सभी वर्गों के समुचित विकास के लिए आरक्षण समाजवाद समता सम्मान व न्याय जरूरी है।

अध्यक्षता करते हुए डॉ भूपेन्द्र कुलदीप कुलसचिव हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग ने अपील की कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर व ज्योतिबा फुले के जीवन से प्रेरित होकर अपने बच्चों को शिक्षा के अधिक से अधिक अवसर प्रदान करते हुए समाज में बंधुत्व के साथ राष्ट्र के विकास में भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण हेतु प्रथम जेल सत्याग्रही व गुरू घासीदास जयंती के जन्मदाता संत नकुल देव ढीढ़ी के योगदान को भी अतिथि वक्ताओं ने स-सम्मान याद किया गया। इस दौरान शिक्षा के माध्यम से अधिकारी व नवोदय विद्यालय बोर्ड में चयनित होने वाले बच्चों व उनके पालकों को भी पाटन विकासखण्ड को गौरवान्वित करने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान संविधान विशेषज्ञ विनोद कुमार कोसले ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर महापुरुषों के विचारों, संविधान के प्रावधान, सुप्रीम कोर्ट - हाई कोर्ट के जजमेंट,कार्य पालिका की भूमिका व जमीनी स्तर पर हकीकत से रूबरू कराते हुए तथ्यों के आधार पर शोध पुस्तिका न्याय का इंतजार का वितरण किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि देवेंद्र चंद्रवंशी जिला पंचायत सदस्य पाटन, उषा सोने जिला पंचायत सदस्य धमधा, आनंद बघेल जनपद सदस्य और कुलेश्वर रोशन वर्मा सरपंच थे। इस दौरान अमोलदास टंडन, पूर्व अनुसूचित जाति प्राधिकरण सदस्य दिनेश टंडन,सांवत राम बांधे,ओम टंडन, राजेन्द्र मारकण्डे, सीताराम आदि उपस्थित थे।

**मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती**



**जामुल।** भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता के नेतृत्व में डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती वार्ड-2 विश्वकर्मा चौक में मनाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से भिलाई जिला एस सी मोर्चा प्रभारी प्रवक्ता चंद्रप्रकाश मांडले, रायपुर संभाग किसान मोर्चा के प्रभारी रेखराम बंछोर, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, जिला भिलाई सह कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन, मंडल महामंत्री ओम प्रकाश साहू ध्रुव देवांगन,वार्ड नंबर 5 पार्षद दीपक गुप्ता, मंडल मंत्री अनुपमा देवी, कोषाध्यक्ष सुभाष पांचाल, मीडिया प्रभारी संजय यादव, एस सी मोर्चा अध्यक्ष बी आर रामटेके, महिला मोर्चा अध्यक्ष योगिता साहू, सह कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश साहू, पूर्व महामंत्री नूतन वर्मा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण क्षत्रिय, एस टी मोर्चा दउवा राम ठाकुर, पूर्व पार्षद संतोष ठाकुर, जिला सहकारिता प्रकोष्ठ देवनाथ यादव, सरस बर्मन, बजरंग सिन्हा, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, रामकृष्ण साहू, पूर्व उपाध्यक्ष दीपक सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता हेमंत विश्वाल, मंगल दास कुर्रे, खिलावन साहू, राम निर्मलकर, सैफुद्दीन, बिंदिया पटेल, हेमलता साहू आदि उपस्थित थे।

# सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड विचक्षण जैन विद्यापीठ का उत्कृष्ट परिणाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

कुम्हारी स्थित विचक्षण जैन विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण को दर्शाती है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में दिव्यांश चोपड़ा (94.0 प्रतिशत), अक्षत जैन (93.2 प्रतिशत), नमन जैन (93.0 प्रतिशत), सुहानी चोपड़ा (89.4 प्रतिशत), मौलिक भंसाली (88.4 प्रतिशत), प्रक्षल जैन (86.8 प्रतिशत), दिव्यांश झा (86.4 प्रतिशत), विधि जैन (85.8 प्रतिशत), जैनम बाफना (84.8 प्रतिशत) एवं सौम्या जैन (83.8 प्रतिशत) शामिल हैं।

इन उपलब्धियों के अलावा जो सबसे महत्वपूर्ण है वह है कि विद्यार्थी दिव्यांश चोपड़ा ने संस्कृत एवं प्रक्षल जैन ने गणित में 100 से पूरे 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आगे भी उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करेंगे।

# मासूम से दुष्कर्म के विरोध में समाज उतरा सड़क पर, निकाली मशाल रैली



**उतई।** दुर्ग जिले के उतई नगर में 5 साल की मासूम बच्ची के साथ हुए अनाचार के मामले को लेकर जनआक्रोश बढ़ता जा रहा है। घटना के विरोध में नगर साहू समाज एवं सर्व छत्तीसगढ़िया समाज ने एकजुट होकर कड़ा विरोध प्रदर्शन करते हुए मिशाल रैली निकाली। गुरुवार शाम 6 बजे बंजारी मंदिर में सभी समाज के लोग एकत्रित हुए, जहां से थाना उतई तक मशाल रैली निकाली गई । इसके बाद मिनी माता चौक पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें आरोपी को फांसी या कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की गई। इस दौरान मुख्य रूप से नगर पंचायत उतई अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू,पार्षद सोनू राजपूत, डिकेंड हिरवानी, सतीश, क्रांति सेना अध्यक्ष ऋषि साहू और बीजेपी मंडल अध्यक्ष शीतला राजपूत आदि शामिल थे।

# दीपशिखा विद्यालय में हुआ विद्यारंभ संस्कार



**उतई।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई में विद्या आरम्भ संस्कार का कार्यक्रम महिला युवा मंडल रचनात्मक प्रकोष्ठ गायत्री परिवार उतई द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर प्री प्राइमरी के जी वन के जी टू क्लास 1, 2 से 140 बच्चों का विधिवत पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ संस्कार पूर्ण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य के आर सिन्हा कार्यक्रम की सराहना करते हुए आभार प्रदर्शन किए। कार्यक्रम का संचालन जोहन साहू युवराज साहू, गोदावरी साहू, सरस्वती साहू, दानेश्वरी देशमुख, अरुणा साहू, चंद्रिका साहू, प्रभा साहू ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ प्रधान पाठक शरणजीत कौर, उपप्रधान पाठक एस आर सेन एवं संबंधित शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किए।

### सरपंच संघ अध्यक्ष ने भाजपा सरकार का जताया आभार

# धौराभाठा में नई सोसायटी का हुआ वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धौराभाठा में नवीन सोसायटी के गठन पर सरपंच संघ अध्यक्ष विनय चंद्राकर ने भाजपा सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

15 अप्रैल को भगवान बलराम एवं छत्तीसगढ़ महतारी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर समिति का विधिवत शुभारंभ किया गया। श्री चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय स्तर पर इस नई समिति का गठन किया गया है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही खाद-बीज वितरण एवं धान खरीदी के समय भी किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा।इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल के प्रति आभार प्रकट किया है।



**पेंड्री में भी शुभारंभ**



**धमधा।** कृषकों की सुविधा एवं आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए नवगठित सेवा सहकारी समिति मर्यादित पेंड्री का वर्चुअल उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहित सिंह राजपूत (जिलाध्यक्ष, किसान मोर्चा), संतोष निर्मलकर (प्राधिकृत, रहटादाह), जे. के. साहू (शाखा प्रबंधक, जेएसकेबी धमधा) तथा संजय दिल्लीवार (सुपरवाइजर, जेएसकेबी धमधा) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही क्षेत्र के वरिष्ठ कृषकों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर समिति के गठन का स्वागत किया।

# विधायक देवेंद्र पर एमएमएस मामले की जांच में सहयोग न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

साल 2023 में वायरल हुए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव से जुड़े कथित एमएमएस की जांच दुर्ग पुलिस हैदराबाद या गुजरात लैब से कराएगी। इसके लिए पुलिस ने विधायक देवेंद्र यादव का वीडियो शूट कर जांच के लिए लगने वाली मिलान सामग्री को जल्द वहां भेजेगी। भिलाई नगर पुलिस का कहना है कि उन्होंने विधायक को 7 से अधिक नोटिस थाने आने के लिए दिया था। इसमें कई नोटिस का जवाब उन्होंने नहीं दिया, उसके बाद नोटिस को स्वीकार किया और थाने आकर अपना पक्ष रखा।

देवेंद्र यादव के इस मामले को लेकर भाजपा नेता राजेंद्र अरोरा ने आरोप लगाया है कि एमएमएस की जांच को लेकर देवेंद्र यादव सहयोग नहीं कर रहे हैं और इस पूरे मामले में सिर्फ घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा अगर विधायक को जांच एजेंसियों पर भरोसा होता, तो वे समय पर पुलिस के सामने पेश होकर अपना बयान दर्ज क्यों नहीं करा रहे हैं। देवेंद्र यादव ने भिलाई नगर थाने में जाने के दौरान मीडिया में कहा था कि पुलिस ने उन्हें समय पर नोटिस नहीं भेजा, इसलिए वो थाने नहीं पहुंचे। इसको लेकर भाजपा नेता का कहना है कि पुलिस ने उन्हें 8 बार नोटिस भेजा है। 9वीं नोटिस में वो अपना पक्ष रखने पहुंचे इससे साफ होता है कि वो जांच में मदद नहीं कर रहे हैं। इस पर विधायक देवेंद्र यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें जांच एजेंसी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा नेता राजेश मूणत से जुड़े कथित एमएमएस की जांच सीबीआई से कराई गई थी तो उनसे जुड़े वीडियो की भी जांच सीबीआई से भाजपा क्यों नहीं करा रही है।



**क्या है पूरा मामला**

विधानसभा चुनाव के दौरान 2023 में एक एमएमएस वीडियो वायरल हुआ था। उसमें भाजपा नेताओं के द्वारा आरोप लगाया गया था कि वीडियो में महिला के साथ दिख रहा युवक विधायक देवेंद्र यादव है। इसके बाद अगस्त 2024 में विधायक के प्रतिनिधि ने भिलाई नगर थाने में मामले को लेकर एक एफआईआर दर्ज कराई और जांच की मांग की थी। इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने मीडिया के सामने बयान दिया था कि वीडियो में दिख रहा युवक उनके जैसा दिख रहा होगा, लेकिन वो उसमें नहीं है। उनको चुनाव हराने के लिए साजिश रची जा रही है।

**जांच रिपोर्ट अभी तक नहीं हुई पूरी**

विधायक देवेंद्र यादव ने मीडिया में एक जांच रिपोर्ट दिखाई थी कि फोरेंसिक लैब की जांच में यह पाया गया है कि वीडियो में दिख रहा युवक वो नहीं हैं। इसके आरोप में भाजपा नेता का कहना है कि अभी जांच पूरी नहीं हुई है। वीडियो साक्ष्य मिलान के लिए लैब भेजे जाएंगे उसके बाद फाइनल रिपोर्ट में यह पता चलेगा कि एमएमस में दिख रहा युवक कौन है।

# ई-चालान प्रक्रिया पर रोक की मांग, गडकरी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देशभर में वाहनों के विरुद्ध जारी ई-चालान की कथित प्रक्रिया को लेकर छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिकायत की है। महासंघ ने ऑनलाइन चालान प्रणाली को समाप्त करने तथा बिना सुनवाई के जारी किए गए सभी चालानों को निरस्त करने की मांग उठाई है।

महासंघ की ओर से भेजे गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि देश में विभिन्न प्रकार के वाहन—जैसे यात्री वाहन (बस, टैक्सी, ऑटो), मालवाहक वाहन (ट्रक) तथा निजी वाहन (दोपहिया, चारपहिया)—संचालित होते हैं। पिछले लगभग पांच वर्षों से परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलती गाड़ियों के पीछे से फोटो लेकर सीधे ई-चालान जारी किए जा रहे हैं। इसमें बिना किसी पूर्व सूचना के तय राशि का चालान थोपकर आम नागरिकों पर भुगतान का दबाव बनाया जाता है। महासंघ ने इसे प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत बताते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को दंडित करने से पहले उसे अपना पक्ष रखने का अवसर मिलना चाहिए।

वर्तमान व्यवस्था में ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा समाप्त होना, फिटनेस, परमिट त्रुटि, ओवरलोडिंग, तेज गति जैसे मामलों में सीधे ई-चालान जारी कर दिए जाते हैं, जबकि संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर नहीं दिया जाता। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि चालान की प्रतियां सीधे वाहन मालिक के घर भेजी जाती हैं और लगातार भुगतान के लिए मैसेज भेजे जाते हैं, जिससे आम लोगों पर मानसिक और आर्थिक दबाव बढ़ रहा है।

## ई-चालान प्रणाली पर छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ को आपत्ति

### फर्जी वेबसाइट से ठगी का खतरा

महासंघ ने ई-चालान प्रक्रिया के साथ बढ़ रही ऑनलाइन ठगी पर भी चिंता जताई है। पत्र में कहा गया है कि कई फर्जी वेबसाइट और लिंक के माध्यम से लोगों के बैंक खातों से पैसे निकाले जा रहे हैं, जो गंभीर सुरक्षा समस्या है।

### बस संचालकों पर आर्थिक बोझ

अंतरराज्यीय बस संचालकों ने बताया कि एक राज्य से दूसरे राज्य में प्रवेश करते समय अलग-अलग जगहों से ई-चालान जारी किए जाते हैं। इससे प्रतिदिन 5 से 7 हजार रुपए तक का चालान लग रहा है, जिससे बस संचालन का व्यवसाय घाटे में जा रहा है। महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि यह स्थिति जारी रही तो बस सेवाएं बंद हो सकती हैं, जिससे आम जनता की यात्रा प्रभावित होगी।

### कानूनी प्रावधानों पर उठाए सवाल

सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी का हवाला देते हुए महासंघ ने कहा कि केंद्र ने केंद्रीय मोटर वाहन नियम 1989 के नियम 167 और राज्य ने नियम 2 (ग क) का उल्लेख किया है, लेकिन इनमें कहीं भी स्पष्ट रूप से ई-चालान का प्रावधान नहीं है। इससे यह प्रक्रिया मनमानी प्रतीत होती है महासंघ ने 1 अप्रैल 2026 से लागू उस नियम पर भी आपत्ति जताई है, जिसमें ई-चालान की राशि जमा करने के बाद ही वाहन से जुड़े कार्य—जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र—किए जा रहे हैं। इसे तत्काल रोकने की मांग की गई है। पूरे देश में ई-चालान प्रक्रिया पर तत्काल रोक बिना सुनवाई जारी चालानों को निरस्त किया जाए। स्पष्ट और विधिसम्मत नियमावली बनाई जाए। ई-चालान भुगतान को वाहन सेवाओं से जोड़ने वाले नियम पर रोक महासंघ ने केंद्र सरकार से इस पूरे मामले में त्वरित हस्तक्षेप कर आम जनता और परिवहन व्यवसायियों को राहत देने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### अनन्या साहू ने 10वीं सीबीएसई बोर्ड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



बेमेतरा। अनन्या साहू ने सीबीएसई द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में 98.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होकर ग्राम नांदल का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है अनन्या ग्राम नांदल निवासी डॉ प्रमोद साहू एवं डॉ वंदना साहू की सुपुत्री है। अनन्या के पी एस कमल विहार रायपुर की छात्रा है। साहू परिवार नांदल का गौरव बढ़ाने पर बधाई देने वालों में डॉ मिलाप राम साहू, माधो राम साहू पूर्व एन टी, लखन लाल साहू प्राचार्य, डॉ कपिल, पुष्पा,डॉ संजय ,तृप्ति साहू, डॉ चैतन्य, लक्ष्मी साहू, जितेंद्र,प्रीति हिमांचल डी सी, सृष्टि साहू, डॉ आकाश, अभिषेक, आकांक्षा आदि हैं।

### महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक निर्णय : आशीष



नवागढ़। प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सोशल मीडिया के सहप्रभारी आशीष जैन ने गुरुवार को लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण बिल पेश किए जाने को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का ऐतिहासिक निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कदम से महिलाओं को नीति-निर्माण, प्रशासन और निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी का अवसर मिलेगा। आशीष जैन ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को नेतृत्व में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया गया है, जिससे वे केवल सहभागी नहीं, बल्कि निर्णय लेने वाली भूमिका में भी नजर आएंगी। यह निर्णय महिलाओं को आत्मनिर्भर, मजबूत और नेतृत्व के लिए प्रेरित करने वाला साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस पहल से अब महिलाएं गांव, शहर, प्रदेश और देश के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगी तथा सभी वर्गों के हितों से जुड़े निर्णयों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगी। जैन ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए इसे नए भारत की सोच और महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बताया।

### म्यूल खातों में करोड़ों का लेनदेन, 11 गिरफ्तार

भिलाई। म्यूल खातों से करोड़ो रुपए का लेन देन को लेकर पुलिस ने 11 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। समन्वय पोर्टल के माध्यम से मिली जानकारी के बाद थाना मोहन नगर, सुपेला क्षेत्र के अंतर्गत बैंक शाखाओं में संचालित म्यूल खातों की जांच की गई। पाया गया कि स्टेशन रोड, दुर्ग स्थित कर्नाटका बैंक के 111 खातों, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला फेडरल बैंक के 105 खातों समेत 250 से अधिक संदिग्ध बैंक खातों की जांच की गई। जिसमें 1.88 करोड़ 67 हजार 554 रुपये की सायबर ठगी राशि का लेनदेन खातों में मिला। उक्त खाताधारकों को पुलिस ने पकड़ा जिसमें आर्य नगर कोहका भिलाई निवासी शिवधर साहू, आरती मारकण्डे, गोविंदा डहरिया,शंकर नगर दुर्ग साहिल टेम्बेकर,वार्ड 24 दुर्ग धर्मेन्द्र सिंह, खुर्सीपार एस त्रिमोला, प्रिया सिंह, रसमड़ा दुर्ग प्रदीप कुमार उइके, कैम्प-2 भोजराज प्रजापति, सुपेला हेमंत कुमार साहू,सन्नी चौहान को पुलिस ने पकड़ा है।

## 40 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए, छात्रावास के विद्यार्थियों ने भी दिखाई प्रतिभा


# शत- प्रतिशत रिजल्ट के साथ चमका एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, 98.2 प्रतिशत लाकर प्रिंस कुर्रे टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। यह स्कूल का 12वां बैच था, जिसने शानदार



सफलता अर्जित कर संस्था का नाम रोशन किया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम में विद्यालय के कुल 226 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से सभी छात्र-छात्राएं सफल रहे। खास बात यह रही कि 40 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय के लिए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। परीक्षा परिणाम में प्रिंस कुर्रे ने 98.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेजी में 98, हिन्दी में 94, गणित में 98, विज्ञान में 97, सामाजिक विज्ञान में 99 तथा अतिरिक्त विषय ए.आई. में 99 अंक प्राप्त किए। द्वितीय स्थान पर दिशा अग्रवाल ने 98.00 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि पीहू गोयल ने 97.80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।



इसी क्रम में सुमित साई नायक (96.20%), खिलेश गेंदरे (96.00%), सत्यम वर्मा (95.80%), आर्यन अग्रवाल (95.00%), आरुष अग्रवाल (94.80%), यथार्थ वर्मा (94.80%), अनंत शर्मा (94.60%), पार्थ साहू (94.60%), धानी वर्मा (94.20%), डिम्पल भुआर्य (94.20%), निखिल सिंह राजपूत (94.00%) एवं काव्या देवांगन (93.40%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विषयवार उत्कृष्टता की बात करें तो ए.आई. विषय में पीहू गोयल, आरुष अग्रवाल, अवनी देवांगन, क्रिस्टल मोटवानी, कृतिका देवांगन एवं पार्थ साहू ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। वहीं गणित विषय में भी एक विद्यार्थी ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के छात्रावास में रहकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। बालिका छात्रावास से दिशा अग्रवाल ने 98.00 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि छात्रावास में मिलने वाली निरंतर शैक्षणिक मॉनिटरिंग, विश्लेषण एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की। टॉपर प्रिंस कुर्रे ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास और मार्गदर्शन से यह उपलब्धि संभव हो पाई। वहीं दिशा अग्रवाल ने अपने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी बनकर देश की सेवा करने का लक्ष्य बताया। विद्यालय के प्राचार्य गिरीश कुमार ने परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और स्पष्ट लक्ष्य के साथ कोई भी सफलता दूर नहीं होती। वहीं विद्यालय की संचालिका भावना बोहरा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है और भविष्य में भी विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहें, यही अपेक्षा है।

विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि विद्यालय का सकारात्मक एवं अनुशासित वातावरण तथा अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन उनकी सफलता का मुख्य आधार रहा है। विद्यालय न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भी निरंतर प्रयासरत है।

# जिले में 18 अप्रैल को निजी स्कूल बंद, असहयोग आंदोलन तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- आज काली पट्टी बांधकर करेंगे विरोध, शिक्षा मंत्री-सचिव को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ में निजी स्कूलों द्वारा चलाया जा रहा असहयोग आंदोलन अब बेमेतरा जिले में भी तेज हो गया है। बेमेतरा जिला प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के आह्वान पर जिले के सभी निजी स्कूलों ने 18 अप्रैल (शनिवार) को पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. अवधेश पटेल एवं सचिव रामकुमार भारती के नेतृत्व में यह निर्णय लिया गया है।

संगठन ने बताया कि 17 अप्रैल को जिले के सभी निजी स्कूलों के संचालक एवं शिक्षक काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए विरोध दर्ज कराएंगे, जबकि 18 अप्रैल को स्कूल पूरी तरह बंद रहेंगे। एसोसिएशन के अनुसार बेमेतरा जिले के चारों विकासखंड नवागढ़, बेरला, थान खमरिया एवं बेमेतरा के सभी निजी स्कूलों ने एकजुट होकर इस आंदोलन को समर्थन दिया है और बंद का सामूहिक निर्णय लिया है।

### आर टी आई प्रतिपूर्ति को लेकर नाराजगी

आंदोलन का मुख्य कारण शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि है। संगठन का कहना है कि वर्ष 2011 से अब तक इस राशि का पुनर्निर्धारण नहीं किया गया है, जिससे निजी स्कूलों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही, स्कूल शिक्षा विभाग पर न्यायालय के आदेशों की अनदेखी का आरोप भी लगाया गया है।

### हाईकोर्ट के आदेश तक जारी रहेगा आंदोलन

एसोसिएशन ने बताया कि 1 मार्च 2026 को हुई प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में यह निर्णय लिया गया था। यह आंदोलन हाईकोर्ट बिलासपुर में लंबित याचिका के पालन तक जारी रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष राजीव गुप्ता एवं सचिव मोतीचंद जैन के आह्वान पर इसे प्रदेशभर में लागू किया गया है।

### सरकारी कार्यों से असहयोग का ऐलान

संगठन ने शिक्षा विभाग के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए सरकारी कार्यों से असहयोग की घोषणा की है। इसके तहत विभागीय पत्रों और नोटिसों का जवाब नहीं दिया जाएगा। आर टी ई सत्यापन कार्य में भाग नहीं लिया जाएगा तथा सरकारी कार्यक्रमों के लिए स्कूल बसें उपलब्ध नहीं कराई जाएंगी। एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि स्कूल शिक्षा विभाग गरीब विद्यार्थियों की शिक्षा पर होने वाले व्यय को लेकर संवेदनहीन है और न्यायालय के निर्देशों का पालन नहीं कर रहा है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि जब तक आर टी ई प्रतिपूर्ति राशि में वृद्धि नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# धोबनी में मंडल कांग्रेस की बैठक 24 बूथों में संगठन विस्तार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



मंडल कांग्रेस कमेटी प्रतापपुर की महत्वपूर्ण बैठक ग्राम धोबनी में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से मंडल अंतर्गत आने वाले सभी 24 बूथों एवं पंचायतों में सदस्यों का गठन किया गया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की असली ताकत है और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को देखते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बूथ स्तर पर संगठन सुदृढ़ करने, जनसंपर्क बढ़ाने और योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर ब्लॉक नवागढ़ प्रभारी झम्मन बघेल, मंडल प्रभारी मनीष सिंह परिहार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर साहू, अध्यक्ष अश्वनी अनंत, तरुण घृतलहरे, मंडल अध्यक्ष संजीव पिंटू अनंत, खेमन टंडन, आयुष सिंह ठाकुर, तुलसीराम साहू, दिनेश तिवारी, संजय भास्कर, मालिकराम नवरंग, राजतिलक जोशी, जोमन मिरे, घनश्याम साहू, राजकुमार साहू, आनंद यादव, बिरेन्द्र कुमार डाहीरे, ओमप्रकाश साहू, डॉ. साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, मोहित गर्ग, डेविड घृतलहरे, कमलेश ध्रुव, रामाधार पाल, एवन महिलांगे, लेखराम साहू, संजय कुमार जांगड़े सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक दीपेश ने नवीन सेवा सहकारी समिति गांगपुर का किया शुभारंभ

**सेवा सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती हैं: विधायक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ग्राम गांगपुर में नवीन सेवा सहकारी समिति मर्यादित (पंजीयन क्रमांक 488) का विधिवत लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और भगवान बलराम की पूजा अर्चना कर फीता काटकर समिति का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर से वर्चुअल माध्यम से जुड़े और प्रदेशभर में नवगठित सेवा सहकारी समितियों का एक साथ लोकार्पण एवं शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न मंत्रीगण एवं विधायकगण भी वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कुल 515 नवीन सेवा सहकारी समितियों का गठन किया गया है, जिसमें बेमेतरा जिले में 36 एवं बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में 12 नवीन समिति केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती हैं और इनके माध्यम से किसानों को एक ही स्थान पर अनेक सुविधाएं उपलब्ध हो पाती हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन नवीन सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, खाद-बीज वितरण, कीटनाशक, गौ पालन, कुक्कुट पालन एवं अन्य पशुपालन योजनाओं का लाभ सहजता से मिलेगा। इससे किसानों की लागत कम होगी और उत्पादन में वृद्धि होगी, जिससे उनकी आय में भी बढ़ोतरी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि गांगपुर में स्थापित यह नवीन सेवा सहकारी समिति न केवल गांगपुर बल्कि बहुनवागांव, सिरवाबांधा के किसानों के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इससे किसानों को अपनी आवश्यक कृषि सामग्री एवं सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होगी। इस दौरान विधायक साहू ग्राम वासियों की मांग पर ग्राम गांगपुर में एक सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की।

### ये रही उपस्थित

इस अवसर पर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष गजानंद साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष छोटू राम साहू सोसायटी अध्यक्ष लव कुमार दोहाई वर्मा तेजराम वर्मा भागी राम साहू टोप सिँह टंडन विद्या सिँह ठाकुर राजा वर्मा मुरलीधर वर्मा अर्जुन यदु छन्नू साहू सहित जनप्रतिनिधिगण समस्त सेवा सहकारी समिति के अधिकारी कर्मचारी प्राधिकृत अध्यक्षगण आसपास गांव के किसान साथीगण उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों को निःशुल्क कानूनी सहायता, पुनर्वास और अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

# ग्राम रांका में विधिक जागरूकता शिविर, नालसा योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में ग्राम रांका में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना रहा।

शिविर का संचालन डिफेंस काउंसिल के प्रतिरक्षा अधिवक्ता आयुष शुक्ला, देवेंद्र साहू एवं दुर्गा साहू द्वारा किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने ग्रामीणों को नालसा की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अधिवक्ताओं ने नालसा की मानव तस्करी एवं व्यावसायिक यौन शोषण के पीड़ितों हेतु वर्ष 2015 में लागू योजना के बारे में बताते हुए कहा कि यह योजना पीड़ित महिलाओं, बच्चों एवं अन्य प्रभावित व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता, न्यायालयीन सहयोग, पुनर्वास, सुरक्षा तथा मानसिक, सामाजिक और आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इसी क्रम में एसिड अटैक पीड़ितों के लिए संचालित नालसा योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत पीड़ितों को मुफ्त कानूनी सहायता, मुआवजा दिलाने में सहयोग, बेहतर उपचार एवं पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने और अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के लिए भी सहायता दी जाती है।

शिविर में नालसा की “बाल-मित्र कानूनी सेवाएं योजना 2024” के बारे में भी जानकारी दी गई। अधिवक्ताओं ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य बच्चों को न्यायिक प्रक्रिया के दौरान सुरक्षित, सहज और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। इसके तहत बाल पीड़ितों, बाल अपराधियों, अनाथ एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को विशेष सहायता दी जाती है तथा उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (विधिक क्लीनिक) विनियम 2011 के अंतर्गत संचालित लीगल क्लीनिक की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि इन क्लीनिकों के माध्यम से गांव, जेल, स्कूल, कॉलेज एवं न्यायालयों में निःशुल्क कानूनी सलाह, आवेदन लेखन में सहायता और अधिकारों संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।ॉ

शिविर के अंत में अधिवक्ताओं ने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या या अधिकारों के हनन की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर निःशुल्क सहायता का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने योजनाओं के प्रति जागरूकता प्राप्त की।

